प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल

प्रात:कालीन समाचार दिनांक-17.11.2024 समय-7.10एएम

मुख्य समाचार,

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अबुजा में नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद टीनुबू से वार्ता करेंगें, वार्ता के बाद कई समझौतों पर हस्ताक्षर होने की संभावना
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार मेलों और उत्सव संस्कृति को प्रोत्साहित करेगी
- प्रदेश में ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू किया कई इलाको में ठिठुरन बढी
- महिला एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी हॉकी में आज भारत का मुकाबला जापान से होगा

समाचार विस्तार से...

**प्रधानमंत्री नाइजीरिया दौरा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज अबुजा में नाइजीरिया के राष्ट्रपति **बोला अहमद टीनुबू** से वार्ता करेंगे। दोनों नेता रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा करेंगे और द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के अन्य उपायों पर चर्चा करेंगे। वार्ता के बाद कई समझौतों पर हस्ताक्षर होने की संभावना है। प्रधानमंत्री नाइजीरिया में भारतीय समुदाय को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री तीन देशों नाइजीरिया, ब्राजील और गयाना की पांच दिन की यात्रा के पहले चरण में कल रात नाइजीरिया पहुंचे। 17 वर्षों में भारत के किसी प्रधानमंत्री की नाइजीरिया की यह पहली यात्रा है।

प्रधानमंत्री अपनी यात्रा के दूसरे चरण में, कल ब्राजील जाएंगे, जहां वे जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। ब्राजील के राष्ट्रपति **लुइस इनासियो लूला दा सिल्वा** इस सम्मेलन की मेज़बानी करेंगे। भारत, ब्राज़ील और दक्षिण अफ्रीका के साथ **G20 ट्रोइका** का हिस्सा है और G20 शिखर सम्मेलन की चर्चाओं में सक्रिय रूप से भाग ले रहा है। सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी विभिन्न वैश्विक मुद्दों पर भारत का दृष्टिकोण प्रस्तुत करेंगे और हाल ही में भारत में आयोजित **जी20 और वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन** के परिणामों की भी चर्चा करेंगे। अपनी यात्रा के तीसरे और अंतिम चरण में प्रधानमंत्री 19 से 21 नवंबर तक गयाना की राजकीय यात्रा करेंगे।

**रेल मदद**

भोपाल रेल मंडल द्वारा "रेल मदद" पोर्टल एप पर 24 घंटे रेल यात्रियों की सहायता और शिकायतों का निपटारा सुनिश्चित किया जा रहा है। मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी ने बताया कि मंडल यात्रियों को सुरक्षित और आरामदायक यात्रा प्रदान करने के साथ ही उनकी समस्याओं का तुरंत समाधान करने के लिए तत्पर है।

रेलवे ने शिकायत और सुझावों को समायोजित करने के लिए हेल्पलाइन नंबर 139 सहित सभी माध्यमों को "रेल मदद" पोर्टल और एप में एकीकृत कर दिया है। इसके अन्तर्गत शिकायतों का निस्तारण समय सीमा के भीतर किया जाता है

**मेला उत्सव- मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार मेलों और उत्सव संस्कृति को प्रोत्साहित करेगी। प्राचीन मेले हमारी संस्कृति का हिस्सा हैं। भोपाल का अपना गौरवशाली इतिहास है। भोपाल में राजा भोज द्वारा निर्मित विशाल सरोवर भी है। सम्राट विक्रमादित्य से भी इस क्षेत्र का संबंध रहा है। तीर्थ मेला प्राधिकरण के माध्यम से मेलों के आयोजन को बढ़ावा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को भोपाल के टीटी नगर स्थित दशहरा मैदान में भोपाल मेले का शुभारंभ कर संबोधिम कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मेले के आयोजन से संबंधित सुझावों पर राज्य सरकार द्वारा आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की धरती पर भगवान श्रीकृष्ण ने उज्जैन में शिक्षा ग्रहण की। भगवान श्रीराम ने चित्रकूट में लम्बा समय व्यतीत किया। लोकमाता अहिल्या देवी ने उस दौर में जब मंदिरों को ध्वस्त किया जा रहा था, देव स्थान संस्कृति को स्थापित किया। वीरांगना रानी दुर्गावती का शौर्य, किसी से भी कम नहीं था।

**प्रदर्शनी**

उज्जैन के कार्तिक मेला में केंद्रीय संचार ब्यूरो भोपाल द्वारा विकसित भारत 2047 पर आधारित  पांच दिवसीय फोटो प्रदर्शनी जनजागरुकता कार्यक्रम का शुभारंभ  सांसद अनिल फिरोजिया ने किया। कल से शुरू हुई यह प्रदर्शनी 19 नवंबर तक आम लोंगो के अवलोकनार्थ रहेगी।  इस प्रदर्शनी में केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदर्शित की गई है ।

**भारत-सूरीनाम**

भारत ने सूरीनाम को आज सामाजिक कल्याण कार्यक्रम के तहत लगभग चार सौ 25 मीट्रिक टन खाद्यान्न और अन्य वस्तुओं की पहली खेप भेजी है। सूरीनाम के साथ भारत के घनिष्ठ, मधुर और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। भारत और सूरीनाम के बीच 1976 में राजनयिक संबंधों की स्थापना के बाद से कई उच्च-स्तरीय यात्राएं हुई हैं। 1977 में पारामारिबो में भारतीय दूतावास और वर्ष 2000 में नई दिल्ली में सूरीनाम का दूतावास खोला गया था।

**मौसम**

प्रदेश में ठंड ने अपना असर दिखाना तेज कर दिया है। राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के कई इलाको में कोहरा और मावठे की वजह से ठिटरन बड़ गई है। आज सुबह ग्वालियर, भिंड और निवाड़ी में मध्यम कोहरे का असर देखने को मिला। मौसम विभाग ने प्रदेश के उत्तरी हिस्से यानी, ग्वालियर-चंबल में ठंड बढ़ने का अनुमान जताया है। यहां रात का तापमान 2 डिग्री तक लुढ़क सकता है। ऐसा मौसम 20 नवंबर तक बना रहेगा। भोपाल, इंदौर-जबलपुर में भी सर्दी बढ़ेगी, जबकि पचमढ़ी-

अमरकंटक सबसे ठंडे रहेंगे। मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि प्रदेश में पिछले 3 दिन से ठंड का असर ज्यादा बढ़ा है। इसकी वजह उत्तर-पूर्वी हवाओं का असर कम होना है। वहीं, पहाड़ों में जेट स्ट्रीम हवाओं का चलना है। ये हवाएं प्रदेश के उत्तरी हिस्से में भी आ रही है। इस वजह से मौसम में बदलाव देखने को मिला है, जो अगले कुछ दिन और बना रहेगा। उन्होंने बताया कि हवा का रुख जब उत्तर-पश्चिमी हो जाएगा और पहाड़ों पर बर्फबारी होगी, तब तापमान में और गिरावट होगी।

**तालाबों का सौंदर्यीकरण**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के नगरीय निकायों में मौजूद तालाबों का सौंदर्यीकरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि तालाबों को पर्यटन स्थलों के रूप में भी विकसित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मंशानुरूप नगरीय विकास एवं आवास विभाग नगरीय क्षेत्रों की झीलों एवं तालाबों के सौंदर्यीकरण के लिये संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य कर रहा है। प्रदेश के 41 नगरीय निकायों में 48 तालाबों की योजनाओं पर 104 करोड़ 46 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है।

झीलों एवं तालाबों के सौंदर्यीकरण के साथ पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिये चयनित झीलों एवं तालाबों के संरक्षण और सतही पेयजल स्रोत निर्मित होंगे।

**जनजातीय गौरव पखवाडा - शिक्षा**

भगवान बिरसा मुंडा के स्मृति में पूरे देश के शिक्षण संस्थानों में जनजातीय गौरव पखवाडा मनाया जा रहा है। राष्ट्र व्यापी पखवाडे के दौरान भारत की समृद्ध जनजातीय विरासत और आदिवासी समुदाय के योगदान का उल्लेख किया जाएगा। इस आयोजन से आने वाली पीढियों को बिरसा मुंडा के बलिदान, से प्रेरणा मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर मंडला में जनजातीय गौरव दिवस के ऐतिहासिक आयोजन पर बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अस्मिता के लिये जनजातीय नायकों ने हमेशा आगे बढ़कर नेतृत्व करने के साथ अपना सर्वस्व राष्ट्र के नाम अर्पित किया। मध्यप्रदेश में इसके अनेकों उदाहरण मौजूद हैं। मंडला के सेमरखापा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में 1521 स्थानीय जनजातीय कलाकारों, छात्र-छात्राओं, जन-प्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक साथ "सामूहिक सैला लोकनृत्य" की आकर्षक और मनोहारी प्रस्तुति देकर समारोह को भव्यता प्रदान की। यह अब तक ज्ञात जानकारी अनुसार रिकॉर्डेड लोगों द्वारा दी गई सामुहिक नृत्य प्रस्तुति रही।

**महिला एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी हॉकी**

महिला एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी हॉकी में भारत का मुकाबला अंतिम ग्रुप-स्टेज मैच में आज जापान से होगा। यह मुकाबला बिहार के राजगीर हॉकी स्टेडियम में भारतीय समयानुसार शाम 4 बज कर 45 मिनट पर शुरू होगा। भारत ने महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार विजय का सिलसिला जारी रखते हुए चीन को 3-0 से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की है। इस जीत के साथ मेजबान भारतीय टीम चार मैचों में 12 अंक हासिल कर पहले पायदान पर पहुंच गई है। उधर, जापान ने अपने पिछले मैच में मलेशिया को 2-1 से हराकर महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में अपनी पहली जीत दर्ज की। कोरिया और थाईलैंड के खिलाफ उसका मैच ड्रा रहा जबकि चीन से उसे हार का सामना करना पड़ा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- कटनी में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत आज जिले के सभी मतदान केंद्रों में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है।
- ग्वालियर ज़िले में 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य जारी है। कलेक्टर ने इस सम्बंध में कर्मचारियो को शहर की कॉलोनियों में जाकर कार्ड बनाने के निर्देश भी दिए।
- खण्डवा में वेलफेयर सोसाइटी द्वारा जिला स्तरीय स्विमिंग महापौर ट्रॉफी प्रतियोगिताका आयोजन सिविल लाइन स्थित नवनिर्मित स्विमिंग पूल में आज किया जाएगा।
- आगरमालवा जिले में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सिलेंस, शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय आगरमालवा में भारतीय ज्ञान परम्परा गतिविधि के अन्तर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया है। इसमें विभिन्न वक्ताओं ने कहा कि सहिष्णुता का अर्थ एक दूसरे की सोच ,मान्यताओं, धर्म और संस्कृति का सम्मान करना है ।
- रीवा में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने हिनौती गौधाम में प्रथम चरण में 77 लाख रुपए से बनाए जाने वाले प्रशासनिक भवन एवं रेस्ट हाउस का भूमि पूजन किया।

मुख्य समाचार एक बार फिर,

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अबुजा में नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद टीनुबू से वार्ता करेंगें, वार्ता के बाद कई समझौतों पर हस्ताक्षर होने की संभावना
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार मेलों और उत्सव संस्कृति को प्रोत्साहित करेगी
- प्रदेश में ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू किया कई इलाको में ठिठुरन बढी
- महिला एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी हॉकी में आज भारत का मुकाबला जापान से होगा

इस बुलेटिन में इतना ही, नमस्कार

## रेल मदद

भोपाल रेल मंडल द्वारा "रेल मदद" पोर्टल एप पर 24 घंटे रेल यात्रियों की सहायता और शिकायतों का निपटारा सुनिश्चित किया जा रहा है। मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी ने बताया कि मंडल यात्रियों को सुरक्षित और आरामदायक यात्रा प्रदान करने के साथ ही उनकी समस्याओं का तुरंत समाधान करने के लिए तत्पर है।

रेलवे ने शिकायत और सुझावों को समायोजित करने के लिए हेल्पलाइन नंबर 139 सहित सभी माध्यमों को "रेल मदद" पोर्टल और एप में एकीकृत कर दिया है। इसके अन्तर्गत शिकायतों का निस्तारण समय सीमा के भीतर किया जाता है

**मेला उत्सव- मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार मेलों और उत्सव संस्कृति को प्रोत्साहित करेगी। प्राचीन मेले हमारी संस्कृति का हिस्सा हैं। भोपाल का अपना गौरवशाली इतिहास है। भोपाल में राजा भोज द्वारा निर्मित विशाल सरोवर भी है। सम्राट विक्रमादित्य से भी इस क्षेत्र का संबंध रहा है। तीर्थ मेला प्राधिकरण के माध्यम से मेलों के आयोजन को बढ़ावा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को भोपाल के टीटी नगर स्थित दशहरा मैदान में भोपाल मेले का शुभारंभ कर संबोधिम कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मेले के आयोजन से संबंधित सुझावों पर राज्य सरकार द्वारा आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की धरती पर भगवान श्रीकृष्ण ने उज्जैन में शिक्षा ग्रहण की। भगवान श्रीराम ने चित्रकूट में लम्बा समय व्यतीत किया। लोकमाता अहिल्या देवी ने उस दौर में जब मंदिरों को ध्वस्त किया जा रहा था, देव स्थान संस्कृति को स्थापित किया। वीरांगना रानी दुर्गावती का शौर्य, किसी से भी कम नहीं था।

**प्रदर्शनी**

उज्जैन के कार्तिक मेला में केंद्रीय संचार ब्यूरो भोपाल द्वारा विकसित भारत 2047 पर आधारित पांच दिवसीय फोटो प्रदर्शनी जनजागरुकता कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद अनिल फिरोजिया ने किया। कल से शुरू हुई यह प्रदर्शनी 19 नवंबर तक आम लोंगो के अवलोकनार्थ रहेगी। इस प्रदर्शनी में केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदर्शित की गई है ।

**मौसम**

प्रदेश में ठंड ने अपना असर दिखाना तेज कर दिया है। राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के कई इलाको में कोहरा और मावठे की वजह से ठिटरन बड़ गई है। आज सुबह ग्वालियर, भिंड और निवाड़ी में मध्यम कोहरे का असर देखने को मिला। मौसम विभाग ने प्रदेश के उत्तरी हिस्से यानी, ग्वालियर-चंबल में ठंड बढ़ने का अनुमान जताया है। यहां रात का तापमान 2 डिग्री तक लुढ़क सकता है। ऐसा मौसम 20 नवंबर तक बना रहेगा। भोपाल, इंदौर-जबलपुर में भी सर्दी बढ़ेगी, जबकि पचमढ़ी-अमरकंटक सबसे ठंडे रहेंगे। मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि प्रदेश में पिछले 3 दिन से ठंड का असर ज्यादा बढ़ा है। इसकी वजह उत्तर-पूर्वी हवाओं का असर कम होना है। वहीं, पहाड़ों में जेट स्ट्रीम हवाओं का चलना है। ये हवाएं प्रदेश के उत्तरी हिस्से में भी आ रही है। इस वजह से मौसम में बदलाव देखने को मिला है, जो अगले कुछ दिन और बना रहेगा। उन्होंने बताया कि हवा का रुख जब उत्तर-पश्चिमी हो जाएगा और पहाड़ों पर बर्फबारी होगी, तब तापमान में और गिरावट होगी।

**तालाबों का सौंदर्यीकरण**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के नगरीय निकायों में मौजूद तालाबों का सौंदर्यीकरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि तालाबों को पर्यटन स्थलों के रूप में भी विकसित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मंशानुरूप नगरीय विकास एवं आवास विभाग नगरीय क्षेत्रों की झीलों एवं तालाबों के सौंदर्यीकरण के लिये संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य कर रहा है। प्रदेश के 41 नगरीय निकायों में 48 तालाबों की योजनाओं पर 104 करोड़ 46 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। झीलों एवं तालाबों के सौंदर्यीकरण के साथ पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिये चयनित झीलों एवं तालाबों के संरक्षण और सतही पेयजल स्रोत निर्मित होंगे।

--------------------